## स्पीड न्यूज

### आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के आठ परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। बीपीएम रेखा कुमारी ने बताया कि 45 विद्यालयों के कुल 1624 परीक्षार्थियों के लिए सीता +2 उवि, बालिका उवि, स्तरोन्नत उवि कटैया, स्तरोन्नत उवि तेंदुआ, खड़गपुर, बालक मवि हरिहरगंज, मवि ढकचा, मवि पचमो केंद्र पर परीक्षा में 1569 उपस्थित और 55 अनुपस्थित रहे।

### निजी खर्च से करायी सड़क की मरम्मत



**उंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र के सिडहा रेलवे क्रॉसिंग से मल्लाह टोली होते लहर बंजारी रविदास मंदिर तक जर्जर सड़क का मरम्मत विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने निजी खर्च से करवायी। जर्जर सड़क से लोगों को काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत को लेकर विधायक से अपील की थी। जिसके बाद विधायक ने जेसीबी से भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर की देखरेख में मरम्मत करवायी। मौके पर सुरेंद्र नाथ तिवारी, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, अशोक चौधरी अरविंद मेहता, संतोष चौधरी मौजूद थे।

### विधायक निधि से बनेगा श्मशान शेड

**हरिहरगंज पलामू।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह की विधायक निधि से शहरी क्षेत्र स्थित सियारभुका बटाने नदी किनारे श्मशान शेड का निर्माण कराया जायेगा। उक्त योजना का एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह ने शनिवार को शिलान्यास किया। कहा कि विधायक ने शहरवासियों के चिरप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है। इस शेड में दो शवों का एक साथ दाह संस्कार हो सकता है। मौके पर एनसीपी नेता मुखिया सरोज कुशवाहा, अजय सिंह, लखन सिंह, वैश्य जागृति मंच के भोला गुप्ता, संजय जायसवाल रुद्र, विश्वदीप कुमार, निरंजन प्रसाद, शिव गुप्ता, बीनू जायसवाल आदि थे।

### शांति समिति की बैठक में कई निर्णय



**रामगढ़, पलामू।** थाना परिसर में थाना प्रभारी निलेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार होली को लेकर रखा। थाना प्रभारी ने कहा कि होली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। होली को सब मिल-जुल कर शांति से मनायें। रंग-अबीर अपने अधिकार को समझ कर ही लगायें। जबरदस्ती किसी को न लगायें। मौके पर प्रमुख प्रेमनी देवी, जिला पार्षद सदस्य छोटन सिंह, बीजेपी मंडल अध्यक्ष शंभु राम, रामगढ़ मुखिया उमाशंकर प्रसाद, चोरहट के मोतीलाल मुंडा, उलडंडा के मुखिया पति महेन्द्र प्रसाद सोनी, पंसस पति सकेन्द्र भुइयां, विनोद राम, बृजदेव यादव, लक्ष्मण यादव थे।

### पाटन-नावा जयपुर में शांति समिति की बैठक



**पाटन, नावा जयपुर।** पलामू जिले के पाटन थाना व नावाजयपुर थाना मे होली पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति के बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पाटन थाना प्रभारी लाल जी व नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने की। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यों से होली को परंपरागत व शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। होली में किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान न दें। मौके पर इंस्पेक्टर रामा शंकर पटेल, थाना एस आई एसडी राम, एस आई सुनील चौधरी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पश्चिमी जिप सदस्य संग्राम सिंह, पूर्व जिप सदस्य मुक्तेश्वर पांडे, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, पिंकी विश्कर्मा, विशेष पासवान, शिव शंकर साव मौजूद थे।

### न्यास बोर्ड की नवगठित कमेटी की बैठक

**हुसैनाबाद, पलामू।** झारखंड हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची के द्वारा नवगठित सार्वजनिक धार्मिक न्यास ठाकुरबाड़ी जपला समिति की प्रथम बैठक शहर के होटल रुद्रा में हुई। जिसकी अध्यक्षता जपला गांधी चौक के समीप सार्वजनिक ठाकुरबाड़ी के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव रंजन ने की। बैठक में समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदू न्यास के पंजीकरण (65620009/2024) की जानकारी दी। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार, नवल किशोर पाठक, उदय नाथ विश्वकर्मा, कामाख्या सिंह, राकेश तिवारी, श्रवण अग्रवाल, राजीव ठाकुर उपस्थित थे।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**हरिहरगंज पलामू।** थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें होली पर्व को परंपरागत तरीके से शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एसडीपीओ नौशाद आलम ने कहा कि रमजान का पाक महीना के बीच होली का पवित्र पर्व मनाना एक सुखद अनुभूति है। उन्होंने एक दूसरे के धार्मिक भावना का सम्मान करते हुए पर्व मनाने की अपील किया। वहीं सीओ कुमार अरविंद बेदिया ने कहा कि रंगों का त्योहार होली शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। साथ ही ध्यान रहे कि देश का महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर जारी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो। वहीं थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने कहा कि शांति में बाधक हुड़दंगियों तथा असमाजिक तत्वों की सूचना तत्काल प्रशासन को दे। साथ ही सभी समुदाय आपसी भाईचारा कायम रखते हुए गंगा जमुनी तहजीब का परिचय दें।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**मोहम्मदगंज, पलामू (अनूप कुमार)।** होली को लेकर शनिवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक पुलिस इंस्पेक्टर रमेश पासवान की अध्यक्षता में हुई। लोगों ने होली के दो दिवसीय पर्व में उत्पन्न समस्याओं को शांति समिति के बैठक में रखा। श्री पासवान ने लोगो से रंगो का त्योहार होली को शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने वाले व सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

# लोकसभा चुनाव की बजी डुगडुगी, जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

## पलामू संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के दौरान 13 मई को होगा मतदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव की डुगडूगी बजने के साथ ही जिले में आदर्श आचारसंहिता लागू हो गया है। पलामू संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। चुनाव की घोषणा होने के साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन चुनावी एक्सन मूड में आ गये हैं। आम चुनाव के प्रथम प्रेस वार्ता में उपायुक्त ने कहा कि जिले में आदर्श आचारसंहिता का अनुपालन सख्ती के साथ कराया जायेगा। पलामू संसदीय क्षेत्र में पूर्ण रूप से चार विधानसभा डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर व हुसैनाबाद आता है। वहीं आंशित रूप से पांकी विस क्षेत्र आता है। जिसमें मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 13 हजार 27 है। मतदाता 1796 मतदान केंद्रों पर मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव को सफल रूप से संचालन करने के लिए कुल 14 कोषांग का गठन किया गया है। इन सभी कोषांगों के अलग-अलग नोडल पदाधिकारी नियुक्त किये गये हैं। जबकि छह सहायक निर्वाची पदाधिकारी बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जिलास्तर पर एमसीएमसी का गठन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में गठन किया गया है। आदर्श आचार संहिता के निर्वाचन व व्यय अनुविक्षण पर सतत निगरानी रखने के लिए 45 फ्लाइंग स्क्वार्यड टीम व 45 स्टेटिक सर्विलांस टीम का गठन किया गया है। वहीं निर्वाचन की घोषणा के साथ ही गठित एफएस टीम क्रियाशील हो जायेगी। साथ ही निर्वाचन की अधिसूचना निर्गत होने पर एफएस टीम सक्रिय होकर जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र में आचार संहिता के अनुपालन एवं चुनाव एक्सपीडेंचर मॉनिटरिंग पर ध्यान रखेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी कार्यालय या परिसर पर दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, कर्ट आउट, झंडे नहीं लगाये जायेंगे। यदि कहीं लगा हो तो 24 घंटे के अंदर हटा लिया जायेगा।

**48 घंटे के अंदर हट जायेंगे बैनर-पोस्टर :** उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सरकारी भवन, बसें, बिजली टेलीफोन खंभे, नगरपालिका, स्थानीय निकायों के भवन आदि से 48 घंटे के अंदर राजनीतिक दलों द्वारा लगाये गये प्रचार सामग्री को हटा लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल बैरिया बाजार समिति से हटाते हुए जीएलए कॉलेज परिसर में कराया जायेगा। जिले के कुछ ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां पर हेलीकॉप्टर द्वारा सामग्री पहुंचाया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सरकारी को छोड़कर कुछ वैसे लोग हैं जो अपने वाहनों में नेम प्लेट लगाये हैं उन्हें अविलंब हटाना होगा वरना कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही जिले में कुछ वैसे लोग हैं जो अभी तक अपने हथियारों का सत्यापन नहीं कराये हैं वैसे लोगों पर कार्रवाई की जायेगी।

- आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सख्ती के साथ कराया जायेगा : उपायुक्त
- आचार संहिता उल्लंघन करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : एसपी



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि जिला के सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तरों पर स्वास्थ्य सुविधा दुरूस्त रखने के लिए सिविल सर्जन से डॉक्टर, एएनएम व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सूची मांगी गयी है। जिले में आठ चेकिंग प्वाइंट बने हैं। अभी तक 8.13 लाख के मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। प्रेस वार्ता में नगर आयुक्त, सदर एसडीओ, प्रशिक्षु आइएएस समेत अन्य शामिल थे।

**दो लोग जिला बदर :** विश्रामपुर प्रखंड के कुल्ही मतदान केंद्र पर पिछले चुनाव में करीब 50 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। वहां अधिक मतदान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। 85 वर्ष से अधिक उम्रवाले मतदाताओं के लिए घर पर ही मतदान कराने की व्यवस्था की जायेगी। निर्वाचन के दौरान अवैध नकद राशि, शराब, ड्रग्स, नारकोटिक्स मादक पदार्थों के जांच हेतु जिला में आठ अंतरराज्यीय चेकपोस्ट बनाये गये हैं। एसपी रिष्मा रमेसन ने कहा कि जिले में चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला में जितने पुलिस बल हैं उसके अलावे अतिरिक्त पुलिस की तैनाती जायेगी। वर्तमान में दो सीआरपीएफ कैंप हैं। इसके अलावे आईआरबी, सैट बल मौजूद हैं। दो लोगों को जिला बदर किया गया है। वर्ष 2014 व 19 के चुनाव में जिन लोगों पर गुंडा पंजी में नाम दर्ज है या आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं उनपर भी पैनी नजर रहेगी।

### पांकी विधायक ने किया सतबरवा के धावाडीह में पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास

# विधानसभा क्षेत्र में बिछाया जा रहा है सड़कों का जाल : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पांकी विधायक व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने शनिवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह गांव में शमशान घाट होते हुए कसमार गांव के सिवाना तक बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

मौके पर विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र को भी शहरी क्षेत्र से जोड़ा जा सके। किसी भी क्षेत्र का विकास का पैमाना सड़क को माना जाता है। सड़क होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होती है। उन्होंने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा कि क्षेत्र के कुछ नेता विकास को लेकर जनता को बरगलाते रहे हैं। मगर क्षेत्र की जनता वैसे नेताओं को भली भांति जानती है। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में पुल, पुलिया, सड़क, शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य, बिजली जैसे बुनियादी सुविधाओं को वंचित गांवों तक पहुंचा जा रहा है। डॉ मेहता ने कहा कि जिन गांवों में देश की आजादी के बाद भी विकास की किरण नहीं पहुंची थी वैसे गांवों में भी विकास कार्य हो रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने सभी वर्ग के लोगों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, आशीष कुमार सिंह, कामेश यादव, अजीत प्रसाद, प्रो बच्चन ठाकुर, चंचल यादव, महेश यादव दिनेश साहू, धीरज सिंह, विश्वनाथ यादव, निर्मल सिंह, अशोक यादव मौजूद थे।

# कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने पूरे देश में भ्रष्टाचार को बढ़ाया : सांसद

- सतबरवा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मंच पर उपस्थित सांसद व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन सतबरवा स्थित विवाह मंडप में शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद सह भाजपा के पलामू लोकसभा प्रत्याशी बीडी राम, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो शामिल थे। सम्मेलन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने किया तथा संचालन सुरेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद श्री राम ने कहा कि कांग्रेस की महागठबंधन सरकार ने पूरे देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है जिसके कारण देश की प्रगति धीमी थी। मगर बीते 10 सालों के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी वर्ग समुदाय के लोगों के जीवन स्तर में तेजी से सुधार आया है। वहीं पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। श्री राम ने कहा कि कांग्रेस के जमाने में गरीबी नहीं बल्कि गरीबों को हटाओ अभियान चलती थी। मगर मोदी जी ने गरीबी हटाने का प्रण लिया है। देश के 50 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। मौके पर अभिमन्यु तिवारी, रवि प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, संजय प्रसाद उर्फ गुड्डू, रमेश कुमार, आशीष सिन्हा, मोहन जोशी, विकास तिवारी, सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, मनोज भुइयां, विनोद मांझी, संदीप प्रसाद, सतन जयसवाल, गुड्डू सिंह, महेश्वर सिंह, मेघराज प्रसाद, प्रीति गुप्ता, मुकेश प्रसाद आदि थे।

# ऑक्सफोर्ड के बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना है : डॉ मेहता

- ऑक्सफोर्ड स्कूल के चेयरमैन सह पांकी विधायक ने किया ऑनलाइन वार्षिक परीक्षाफल, कैलीग्राफी एवं प्रोजेक्ट वर्क प्रदर्शनी का उद्घाटन
- मेदिनीनगर के लिए मील का पत्थर है ऑक्सफोर्ड स्कूल : प्राचार्य डा एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय के चेयरमैन सह पांकी विधायक डॉ एसबीपी मेहता द्वारा द्वारा ऑनलाइन जारी किया गया। इसके पश्चात निदेशक डॉ एसबीपी मेहता ने फीता काटकर बच्चों के द्वारा लिखी गई अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत सुलेख प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मौके पर डा मेहता ने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल प्रबंधन बच्चों को शिक्षा के अलावे हर क्षेत्र में अव्वल बना रहा है। बच्चों की सफलता पर सभी को गर्व है। बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए डा मेहता ने बच्चों की सफलता पर शुभकामनाएं दी। बेहतर परीक्षा परिणाम और कैलीग्राफी प्रदर्शनी के लिए प्रोत्साहित करने वाले समस्त शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा तराशने की जरूरत है।

### अभिभावक ओरिएंटेशन (दिशा निर्देश) कार्यक्रम का आयोजन



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में नये नामांकित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दिशा-निर्देश (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम में अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। जिससे शिक्षकों व अभिभावकों के बीच बेहतर समायोजन और विद्यालयीन गतिविधियों के सुचारु-संचालन हो सके। 300 से भी अधिक अभिभावक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय विद्यालय के सुचारु-संचालन एवं विद्यार्थियों को अनुशासित करना है। विद्यालय यूनिफॉर्म, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास, सुलेख, अतिरिक्त कक्षा-संचालन व ओलंपियाड से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अभिभावकों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। श्लोक उच्चारण के साथ दीप प्रज्ज्वलन हुआ। स्वागत गीत के बाद प्राचार्य ने अभिभावकों को संबोधित किया। पीपीटी प्रदर्शन के पश्चात किट (डायरी, आई डी कार्ड, एनुअल कमिनिक्यू, डाइट चार्ट, फीबुक) आदि का वितरण किया गया।

### भाजपाइयों ने किया संकल्प यात्रा रथ का स्वागत



**मोहम्मदगंज पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की भारत संकल्प यात्रा रथ शनिवार को मोहम्मदगंज मंडल क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से सुझाव पत्र लिया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवींद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में पीएम मोदी के किए गए कार्यों का बखान किया जा रहा है। आम जनता का सुझाव भाजपा चुनाव के संकल्प पत्र में शामिल करेगी। मौके पर मोहम्मदगंज मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, आलोकसिंह, कामेश्वर मेहता, गुप्ता राम आदि थे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित



**पांडू पलामू।** होली को लेकर पांडू थाना परिसर में दोनों समुदाय के लोगों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पांडू बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने की। बैठक में अमन चैन और शांतिपूर्ण सौहार्द्र के साथ होली मनाने की बात कही। पुलिस इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने अपील करते हुए सरकारी गाइडलाइन की जानकारी दी। पांडू थाना प्रभारी कुमार गौरव ने कहा कि पांडू प्रखंड क्षेत्र में किसी भी आम अवाम को लगे कि मेरी जरूरत हो प्रशासन से ही शांति हो तो चाहे कितनी भी रात हो आप फोन करें हम आपके सेवा में उपस्थित मिलेंगे। मौके पर एस आई बलदेव सिंह, पांडू जिला पार्षद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार उर्फ सिंटू, कृष्ण विजय सिंह, राम विलास सिंह शामिल थे।

# एसडीएम आइएएस पीयूष सिन्हा ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण

- मरीजों को देख चिकित्सकों को लगायी फटकार, अस्पताल की सफाई का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** नवपस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी आईएएस पीयूष सिन्हा ने शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडलिय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्ड की साफ सफाई के साथ-साथ प्रसूति गृह, मरिजों के लिए उपलबध बेड के अलावा सहीया, एएनएम की जानकारी ली। उन्होंने आयुष्मान भारत का लाभ के अलावा अस्पताल परिसर की साफ सफाई का भी जायजा लेकर उन्हें कड़ी चेतावनी दी। कहा कि अस्पताल परिसर की सफाई नियमित होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को भी चेतावनी दी। कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए काफी सहयोगी है। जिससे हम सभी मिलकर क्षेत्र के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा दे सकते हैं।

# आंखें अनमोल, ज्योति लौटाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य : डॉ ईश्वर सागर

- एलसीएम कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने लगाया दो दिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर में चश्मा और दवा का निशुल्क वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर पलामू।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शनिवार नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के बाद निशुल्क चश्मा और दवा विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दिया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नेत्रों की ज्योति लौटाना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इसी सोच के तहत लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल क्षेत्र में हर वर्ष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाते रहता है। आगे भी समय व जरूरत के अनुसार शिविर का आयोजन किया जाता है। सभी जरूरतमंद लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन होने के बाद सभी लोगो का ज्योति फिर से लौट आयी है। यहां सभी तरह का ऑपरेशन भी निशुल्क किया जा रहा है।

### सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा जरूरी : जीएम



**पंडवा पलामू।** सीसीएल के राजहरा क्षेत्र के तेतरियाखाड़ परियोजना प्रबंधन ने पिंडराकोम गांव में मेगा हेल्थ कैंप लगाया। इसका उद्घाटन जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, राजहरा एरिया के जीएम कोमल मांझी, पीओ केएल यादव, मुखिया बिमला कुमारी व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सच्चिदानंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेगा हेल्थ कैंप में डॉ सच्चिदानंद, डॉ प्रियंका झा, डॉ दिव्या कुमारी, डॉ अंकुर कुमार, डॉ मंजुनाथ ने 191 मरीजों की जांच की। जांच के बाद नि:शुल्क दवा भी दी गयी। जिप सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन ने नि: शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। इस तरह के कैंप से गांव के गरीब तबके के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# शांति भंग करनेवाले असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई : सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश

- होली-लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक
- व्हाट्सएप ट्विटर फेसबुक पर पुलिस रखेगी पैनी नजर : थाना प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



शांति समिति की बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर।** होली और लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने की। संचालन बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में उपस्थित सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी उत्तम राय, एससी एसटी एसआई दुर्ग विजय ठाकुर, एएसआई अभिमन्यु सिंह, आनंद सिंह, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, विधायक प्रतिनिधि ह्रदया सिंह, रामनवमी पूजा समिति के जनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, समाजसेवी उपाध्याय सिंह, रविंद्र सिंह मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि लोकसभा चुनाव व होली पर्व दोनों ही महत्वपूर्ण है। इसे देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। बैठक में ग्रामीणों ने अपनी समस्या थाना प्रभारी के समक्ष रखा। इसपर प्रभारी ने समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेश कुमार राम ने कहा कि लोकसभा चुनाव व होली पर्व के दौरान किसी भी तरह का हुड़दंग नहीं चलेगी। कहा कि डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजायें न शराब पियें। कहा कि पर्व के दौरान शांति भंग करनेवाले असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

**खास बातें :** सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने कहा कि पर्व के दौरान व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक पर लोग गलत मैसेज न करें। इन सबों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी तरह की कोई भी सूचना हो तो थाना को सूचित करें। होली तक शराब पर कड़ाई से पाबंदी रहेगी। क्षेत्र में पर्व के दौरान पुलिस गश्त कर चौक चौराहा पर निगाहें रखेगी। मौके पर अब्दुल अंसारी, मुकेश तिवारी, संतोष साव, ग्यासुद्दीन अंसारी, जेरू नीशा, सुबोध विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, नागेंद्र मेहता, अनारकली देवी आदि मौजूद थे।

# सब इंस्पेक्टर रामजीत सिंह के कार्यो को याद करेगा पलामूवासी : दीपक

- विदाई समारोह में भावुक हुए सब इंस्पेक्टर रामजीत सिंह, कहा
- मेरे मुस्कुराने से कोई मुस्कुराता है तो मुस्कान देते रहेंगे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विदाई समारोह के दौरान उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जिनको आराम करते नहीं देखा गया, वो चिंतामुक्त चेहरे की पहचान है सब इंस्पेक्टर रामजीत सिंह। पब्लिक फ्रेंडली पुलिस अधिकारी की कमी है, जिसकी कमी रामजीत सिंह के तबादले के बाद पलामू को खलेगी। रामजीत सिंह का विदाई नहीं सम्मान समारोह है, क्योंकि पलामू से इनकी विदाई नहीं हो सकती है। ये बातें कही इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी दीपक तिवारी ने कही। जब पदोन्नति के उपरांत स्थानांतरित होने पर आवासीय कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तो सभी भावुक हो गये। इस मौके पर एएसआई समाल अहमद ने जिला ट्रैफिक प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि स्थानांतरित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को जाम से निजात दिलायेंगे। मौके पर दीपक तिवारी ने बताया कि कोरोना काल जैसी आपदा से रामजीत सिंह ने सेवादार की भूमिका निभा कर पलामू को ऋणी बना दिया। वहीं माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने प्रमोशन होने पर

## स्पीड न्यूज

### छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज लोहरदगा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रही। इस मौके पर एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दुसरे को बधाई दी गई। साथ ही नागपुरी गीतो पर जमकर झूमे लोग। मौके पर नीरू शांति भगत ने कहा की होली का त्यौहार प्रेम और सद्भाव का है। सब गिले शिकवे छोड़कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर समाज में प्रेम का संदेश दे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से तेली समाज के उत्थान के लिए पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत तत्परता के साथ उपस्थित रहते थे आप लोगों से अपील और आग्रह करती हूं कि आप भी हमें उतना ही प्यार दें ताकि मैं भी उन्हीं की तरह आप लोगों के बीच में रहकर काम कर सकूं। समाज के पूर्व अध्यक्ष कैलाश साहू, प्रो शिवदयाल साहू अपने कहा कि आज हमारा समाज हमेशा स्व कमल किशोर भगत जी का ऋणी है, क्योंकि तेली समाज को उन्होंने जो योगदान दिए थे उसे भुलाया नहीं जा सकता है। आजसू पार्टी के केंद्रीय बुद्धिजीवी उपाध्यक्ष दिलीप कुमार साहू के द्वारा फागुन के गीत प्रस्तुत किए गए। आजसू के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि होली भाईचारे के साथ हम लोगों को मनाना हैं।

### नीच डुमरी गांव में ग्रामीणों ने अवैध गोवंशीय पशु सहित तस्करों को पकड़ा



गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र में पशु तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला शनिवार का है। जहां अहले सुबह रायडीह थाना क्षेत्र के नीच डुमरी गांव में ग्रामीणों ने अवैध गोवंशीय पशुओं को तस्करों के साथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इधर दूसरी ओर तस्करी में शामिल दो गुट में बर्चस्व की लड़ाई की भी सूचना आ रही है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो दो तस्करों की गुट में 7 से 8 राउंड गोली चलने की भी सूचना है। बताते चलें कि चैनपुर और रायडीह सीमांत इलाके में पशुओं की तस्करी जोर शोर से चल रही है। हालांकि पुलिस भी बीच बीच में छापामारी कर पशु तस्करों में लगाम लगाने की कोशिश करती है,पर पशु तस्करों का भी मनोबल ऊंचा है। उनके उपर कई सफेदपोशों का हाथ है। जिसके कारण यह अवैध धंधा काफी फल फुल रहा है। इसी पशु तस्करी के कारण कुछ महिनों पहले चैनपुर थाना क्षेत्र में जमकर तलवार बाजी हुई थी। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। इधर रायडीह पुलिस ने कुल 8 तस्करों को गिरफ्तार कर लगभग 27 अवैध गोवंशीय पशु को जब्त कर पूछताछ कर रही है। वहीं पशुओं की जब्ती की सूचना पर ग्रामीण पशुओं को लेने बड़ी संख्या में कांसीर पहुंच गये थे। जहां पशुओं को जब्त कर रखा गया था। हर कोई पशु लेना चाहता था लेकिन पशु वितरण में भी कई लोग अपनी मनमानी करने में जुटे थे।

### सहियाओं को दिया जा रहा ईएनटी व नेत्र देखभाल प्रशिक्षण का समापन



घाघरा। घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के सभागार में शनिवार को दिन के ढाई बजे स्वास्थ्य सहिया का ईएनटी और नेत्र देखभाल विषय पर चल रहे प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षक सह बीटीटी सीमा देवी बबिता देवी ने संयुक्त रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल अंतर्गत मुंह, कान, आंख, नाक गला के देखभाल पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही मरीजों की पहचान करने और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा तक लाकर इलाज कराने का प्रशिक्षण दिया गया। आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने क्षेत्र में डोर टू डोर घूम कर वैसे मरीजों की पहचान कर उसकी सूची उपलब्ध कराए। ताकि उनका इलाज कराया जा सके। मौके पर पारस साहू, लक्ष्मण गोप स्वास्थ्य सहिया मंजू देवी, जानकी देवी,सीमा देवी, शीला देवी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित बैनर होल्डिंग पोस्टर हटवाया



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड प्रशासन ने शनिवार को लोकसभा चुनावी का बिगुल बजते ही आदर्श आचार संहिता के प्रति सख्त नजर आई। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने टीम गठित कर मुख्यालय के बस स्टैंड अल्बर्ट एक्का चौक, ब्लॉक चौक, प्रेम नगर, मेन रोड सहित कई स्थानों पर विभिन्न राजनैतिक दलों से संबंधित बैनर होल्डिंग पोस्टर एवं झंडों को हटवाने का कार्य किया। प्रशासन ने चौक चौराहा प्रशासकीय कार्यालय व बिजली पोलों पर लगे राजनेताओं के फ्लेक्स बोर्ड और योजनाओं के बोर्ड को उतारने का काम शुरू कर दिया है। आचार संहिता लगते ही जिस तरह प्रशासन राजनीतिक दलों के फ्लेक्स बोर्ड और झंडों को उतारने का कार्य कर रही है उससे यही लगता है कि इस बार प्रशासन किसी प्रकार की कोई चूक चुनाव में नहीं करना चाहती है। अब देखना यही है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहती है या पहले दिन ही अपनी जागरूकता दिखा कर यहीं पर खत्म हो जाती है।

### विश्व काला मलेरिया व आई हेल्थ केयर विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

गुमला। विश्व काला मलेरिया व आई हेल्थ केयर विषय पर शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में हेल्थ वेलनेस सेंटर के सीएओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में काला मलेरिया से बचाव और उसके रोकथाम पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं सीएचओ को नेत्र चिकित्सा पदाधिकारी राजेश इंदवार के द्वारा प्रशिक्षण देते हुए कई अहम जानकारी दी गई। इस अवसर पर नेत्र सहायक सुनील एक्का सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रक्तदान कर गर्भवती की बचायी जान

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सदस्य अक्षय मंत्री ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर शनिवार को एक गर्भवती महिला की जान बचायी। मारवाड़ी युवा मंच संस्थान ने गुमला के सभी संस्थाओं के सदस्य से रक्तदान शिविर लगाने की अपील की है। बहुत दिनों से रक्त की काफी मांग बढ़ गई है इसलिए रक्तदान शिविर अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

### नियमित हो बिजली की आपूर्ति

गुमला। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने रमजान का पवित्र माह को देखते हुए बिजली विभाग से निर्बाध बिजली आपूर्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग सेहरी व इफ्तार करते हैं। इस समय पर विशेष रूप से बिजली की आपूर्ति होनी चाहिए। रमजान में बिजली की कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### भंडरा में आठवी बोर्ड की परीक्षा शुरू



भंडरा। प्रखंड के सभी परीक्षा केंद्रों पर आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। परीक्षा संचालन के लिए प्रखंड में तीन परीक्षा केंद्र बनाये गए थे। जिसमे लाल बहादुर शास्त्री भंडरा, प्लस टू विद्यालय बिटपी व बरमहडीहा प्लस टू विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सुबह नौ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर बच्चों की भीड़ लगना प्रारंभ हो गया था। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.45 बजे से प्रारंभ हुई, जो दोपहर एक बजे समाप्त हुई। प्रथम पाली में हिंदी, गणित, अतिरिक्त विषय में उर्दू और संस्कृत की परीक्षा ली गई। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से से प्रारंभ हुई, जो शाम 5.15 बजे समाप्त हुई। दूसरी पाली में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित हुई। भंडरा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉक्टर सुधांशु सिंह ने परीक्षा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण हुई। उनके केंद्र पर 567 परीक्षार्थियों में 557 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि दस परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## बालू उठाव में लोग कर रहे हैं वारे न्यारे, हो रहे हैं मालामाल

**अटरिया भंडार टोली के जंगल में जगह-जगह है अवैध डंपिंग यार्ड, दो से ढाई हजार रूपया प्रति ट्रैक्टर बेचा जा रहा है बालू**

रायडीह के शंख नदी से हो रहा है अवैध बालू का उठाव, जेएसएमडीसी कंपनी के नाम पर सभी नदियों का किया जा रहा है दोहन, मिला है केरेडारी नदी से उठाव की अनुमति





**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला में बालू का दोहन आम बात हो गई है। जिले के चारों ओर नदियों के अंदर ट्रैक्टर लगाकर बालू उठाया जा रहा है। वहीं अवैध डंपिंग यार्ड बनाकर लोग बालू का जमावड़ा कर अपने हिसाब से उसकी बिक्री कर रहे हैं। गुमला से बालू कई राज्यों व जिलों में दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा भेजा जा रहा है। किसी को दो लाख शिएफ्टी बालू का उठाव का अधिकारी मिला है तो वह दिन भर कई लाख शिएफ्टी बालू का अवैध उठाव स्थानीय ट्रैक्टर चालकों से मिलकर कर रहा है। वहीं कई लोग जंगलों व अन्य छुपे स्थानों का सहारा लेकर वहां बालू अवैध रूप से डंप कर उसे ट्रैक्टर के माध्यम से बेचा जा रहा है। गुमला सदर प्रखंड की बात करें तो अटरिया क्षेत्र के भंडरिया जंगल, अटरिया नदी के आस-पास, नागफेनी नदी के आस-पास बसे गांवों व डंपिंग यार्ड के अगल-बगल में भी अवैध बालू डंप कर रखकर खुले आम बेचा जा रहा है। सबसे ताजबू की बात यह है कि अधिकारी रात में छापामारी कर रहे हैं जबकि बालू दिन के उजाले में ही इधर से उधर भेजा जा रहा है। अटरिया भंडार टोली, सिलाफारी सहित आस-पास के क्षेत्रों में ट्रैक्टर चालक अपनी डंपिंग यार्ड बना लिये हैं और नदियों से बालू का उठाव कर वहां रख रहे हैं। जिसे मुंह मांगी कीमत पर बेच रहे हैं। वहीं रायडीह प्रखंड के शंख नदी से भी बालू का दोहन काफी तेजी से किया जा रहा है। केरेडारी नदी से बालू उठाव को लेकर जेएसएमडीसी कंपनी को खनन विभाग से अनुमति मिली है। परंतु कंपनी के नाम पर प्रखंड के शंख नदी सहित अन्य नदियों से बालू का अवैध रूप से उठाव कर केरेडारी डंपिंग यार्ड में रखकर रांची हाईवा से भेजा जा रहा है। डंपिंग यार्ड की जांच भी नियमित नहीं हो रही है। जिसके कारण यार्ड का क्षेत्र अवैध बालू तस्करी का सबसे अच्छा माध्यम बन गया है। बालू की तस्करी रूकने वाली भी नहीं है। क्योंकि इस काले कारोबारी में बड़े-बड़े लोग जुटे हैं और परजीवी बनकर अवैध उगाही कर मालामाल हो रहे हैं। लोग यहां तक कह रहे हैं कि चलाना के नाम पर भी बालू उठाव में गोरख धंधा हो रहा है।

## बाबा श्री श्याम प्रभु जी का जन्मोत्सव एवं फागुन रंगो उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** निमार्णाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार लोहरदगा में बाबा श्री श्याम प्रभु जी का जन्मोत्सव एवं फागुन रंगो उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाबा श्याम प्रभु जी के तस्वीर को मनमोहक रूप से श्रृंगार कर कई प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी समाज के 41 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी लिबासों के साथ बाबा श्याम जी का नित्य ज्योत पाठ करते हुए मधुर भजन गायन की। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ व महिला सम्मेलन की अध्यक्ष ममता बांका ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फागुन माह के एकादशी को प्रभु बाबा श्याम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में शकुंतला राजगढ़िया, कल्याणी पोद्दार, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, प्रीति बंका, वर्षा पोद्दार, अंकिता बंका, मंजू पोद्दार, अनीता पोद्दार, रिशु पोद्दार, नीतू मित्तल, दीपा पोद्दार, संगीता मित्तल, निधि पोद्दार, रितु शर्मा, दीप्ति शर्मा, रेखा बंका, मोनिका पोद्दार,उषा पोद्दार, नीतू पोद्दार, आषा पोद्दार, मीना बंका, अमृता पोद्दार, रश्मि अग्रवाल, रिखिया पोद्दार, मंजू मोदी, सीमा केडिया, रज्जो मोदी, रेनू सराफ, रंजू अग्रवाल, खुश पोद्दार,आरोही पोद्दार, टिमटिम पोद्दार, पाखी पोद्दार, अतुल सर्राफ, काव्या बंका, चुन्नू राजगढ़िया आदि मौजूद थे।

## गुमला में 13 मई को होगा मतदान : उपायुक्त

>> नामांकन की प्रक्रिया 18 से 25 अप्रैल तक, पांच सहायक निर्वाची पदाधिकारी बनाये गये



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि जिले में मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले में 13 मई को मतदान होगा जबकि 4 जून को मतगणना किया जाएगा। चुनाव को लेकर 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया आरंभ होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की गई है। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी जबकि नामवापसी की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित की गई है। निर्वाचन को लेकर मुख्य निर्वाची पदाधिकारी उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को बनाया गया है जबकि अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी, एसडीओ बसिया जयंती देवगन, एसडीओ गुमला राजीव नीरज, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार व एसडीओ लोहरदगा अमित कुमार को सहायक निर्वाची पदाधिकारी बनाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कुल 994 बूथ बनायेंगे गये हैं। लोकसभा क्षेत्र में 14 लाख 27 हजार 22 वोटर हैं। जिसमें पुरूष वोटरों की संख्या 386222 व महिला वोटरों की संख्या 393911 है। वहीं थर्ड जेंडर वोटर 4 हैं। जिसमें एक मांडर व तीन विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के हैं। लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के तहत 5 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें कई क्षेत्र नक्शल प्रभावित है। कुल 13 कलस्टर में मतदानकर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा जाएगा। 4770 मतदान कर्मी मतदान कार्य में लगेंगे। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव को देखते हुए शहर में लगे सभी सरकारी विज्ञापनों को तत्काल हटाया जाएगा। वहीं एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से पूरी तैयारी की गई है। इस बार सेंट्रल से अतिरिक्त फोर्स की डिमांड की गई है। प्रत्येक बूथ पर व्यापक पैमाने पर पुलिस जवान तैनात रहेंगे। चुनाव कार्य चुनाव आयोग के गाईड लाइन के अनुसार होगा। चुनाव को लेकर क्षेत्र में कोबरा व सीआरपीएफ बटालियन नक्सल अभियान में जुटे हुए हैं। शहरी क्षेत्र में भी मतदान केंद्रों में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

## लोहरदगा लोकसभा में 13 मई को मतदान, आदर्श आचार संहिता लागू

**खबर मंत्र संवाददाता**



**निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पूरी तरह तैयार है जिला प्रशासन : डीसी**

**लोहरदगा।** जिले में शनिवार शाम से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। जिले के डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शनिवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए कहा की लोहरदगा लोकसभा में 13 मई 2024 को मतदान होगा। जिसे देखते हुए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। लोहरदगा लोकसभा में कुल 1748 बूथ है। जिसमे से लोहरदगा जिले में लोहरदगा लोकसभा के 324 बूथों में 3 लाख 66 हजार 112 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिसमे 1 लाख 84 हजार 320 महिला मतदाता और एक लाख 81 हजार 792 पुरुष मतदाता शामिल है। डीसी ने बताया कि चुनाव को लेकर 65 सेक्टर पदाधिकारी, एफएसटी की 5 टीम जिसमे एक टीम में 15 मेंबर रहेंगे जो अनैतिक कार्यों,नकदी आदि की जानकारी पर छापेमारी करेंगे। डीसी श्री कृष्ण ने बताया कि लोहरदगा लोकसभा में चुनाव को लेकर 18 अप्रैल को नोटिफिक्शन निकाला जाएगा। वही 25 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि होगी। स्क्रुटनी 26 अप्रैल को होगी। वही 29 अप्रैल तक प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे। तथा 13 मई को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि सभी 324 बूथों में मूलभूत सुविधा की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी राजनीतिक दलों और आम लोगो से आदर्श आचार संहिता का पालन करने का निर्देश दिया। इधर एसपी हारिस बिन जमा ने बताया कि चुनाव को लेकर पर्यप्त मात्रा में पुलिस बल के जवान मौजूद है। साथ ही सभी बूथों का निरीक्षण कर वही की सुरक्षा को लेकर तैयारी की गई है। लोग निर्भीक होकर अपना मत का प्रयोग कर सकते है। इस मौके पर एसी जितेंद्र मुंडा,डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे मेरा प्रयास रहेगा : बीडीओ

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड कार्यालय में 49 वें प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में हरि शंकर बारीक ने शनिवार को योगदान दिया। इसके पूर्व राँची जिला के रातू प्रखंड में वे पदस्थापित थे। उन्होंने प्रभारी बीडीओ श्रीकांत लाल मांझी से प्रभार लिया। उहोंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि सरकार की विकास की किरणों की रोशनी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मेरा हर संभव प्रयास रहेगा कि हर व्यक्ति की समस्या को सुनकर तुरंत उसका समाधान किया जाए। इसके पूर्व समाज सेवी कमलेश कुमार झा, भेंडर राकेश कुमार झा, पत्रकार संजय कुमार सिंह और मनीष कुमार झा ने नये बीडीओ का बुके देकर अभिनदंन किया। उसके बाद सभी कर्मियों ने बीडीओ से मुलाकात किया। मौके पर सहायक अभियंता सुजीत कुमार, नाजिर विक्की कुमार आदि उपस्थित थे।

## बूथ के कार्यकर्ता पार्टी के हैं रीढ़ : समीर उरांव

### डुमरी में भाजपा का बूथ स्तरीय सम्मेलन संपन्न





**खबर मंत्र संवाददाता**

**डुमरी।** भारतीय जनता पार्टी डुमरी मंडल का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को टाँगरडीह बगीचा में मंडल अध्यक्ष विजय केसरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी समीर उरांव उपस्थित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए समीर उरांव ने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश व समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है। 150 प्रकार की योजना चला रही है। कोरोना महामारी से बचाने के लिए पूरे देश वाशियो को टिका दिलवाई। कोरोना काल में कोई भूखा नहीं रहे इसके लिए 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री अन्न योजना का लाभ दिया। राम मंदिर जो वर्षो से लंबित था उसका निर्माण कराया। समाज से सभी वर्गो को बढ़ाने का काम किया। मंडल, पंचायत, बूथ को जो जिम्मेदारी मिला है उससे अच्छे से करें बूथ को सशक्त बनाना है। सभी बूथ कार्यकर्ता अपने गांव में घर-घर जाकर मोदी जी का प्रणाम बोलकर उनके दिए हुए लाभ को बताना है और बूथ जितना है। जिससे हम अपना चुनाव जीतेंगे। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने भी संबोधित किया। मौके पर डुमरी मंडल के प्रभारी जगनारायण सिंह, तेम्बू उरांव, महावीर यादव, सब्जीलाल साहू, अनिरुद्ध चौधरी, राजेश केसरी, विवेक जायसवाल, पवन केसरी, जगन्नाथ भगत, जीवन भगत सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोहरदगा क्रिकेट ट्रेनिंग सेंटर की टीम ने हिंडालको को 51 रनों से हराया



**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में लोहरदगा ट्रेनिंग सेंटर बनाम हिंडालको क्रिकेट टीम के बीच टी20 मैच खेला गया। जिसमें लोहरदगा ट्रेनिंग सेंटर की टीम से जिले के उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत भी शामिल हुए। टॉस जीतकर लोहरदगा ट्रेनिंग सेंटर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट 177 रन बनाया। टीम की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने नाबाद 55 रन तथा जयजीत चौबे ने 70 रन और सुकेश शर्मा ने नाबाद 20 रन बनाएं। हिंडाल्को की टीम के तरफ से शिवेंदु ने तीन विकेट जितेंद्र ने दो विकेट तथा अंबर ने एक विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी हिंडाल्को की टीम 16.2 ओवर में 126 रन बना कर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से आर्यन कुमार साहू ने 55, जितेंद्र ने 30 रन बनाए। वहीं लोहरदगा क्रिकेट ट्रेनिंग की टीम के तरफ से दुर्गा प्रजापति और प्रिंस ने तीन तीन विकेट लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच जयजीत चौबे को दिया गया। मैच के अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने दोनों टीमों को बधाई दिए। मैच के ऑर्गेनाइजर अमित कुमार को हमेशा इस तरह के मैच कराते रहने के लिए ढेरों बधाइयां देते हुए कहा लोहरदगा में क्रिकेट के प्रतिभावान खिलाड़ी बहुत सारे हैं। आप इस प्रतिभा को निकालने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के वर्किंग प्रेसिडेंट भास्कर दास गुप्ता, सेक्रेटरी आलोक राय, राकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में हुई अधेड़ की मौत

**लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ा पुल के समीप मेहमानी गए एक अधेड़ व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के उल्टी गांव निवासी 50 वर्षीय सीटू उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने मोटरसाइकिल से उत्का गांव मेहमानी गया हुआ था जहां घर लौटने के क्रम में कैरो थाना क्षेत्र के जोड़ा पुल के समीप अनियंत्रित होकर डिवाइडर में टकराने से सर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही सीटू की मौत हो गई। कैरो थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को शव सौंप दियाा।

### जय श्री राम समिति ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जान



लोहरदगा। जय श्रीराम समिति के द्वारा एक मरीज को ब्लड देकर मरीज की जान बचाई गई। जानकारी अनुसार सेन्हा प्रखंड के बदला पंचायत निवासी स्वर्गीय नारायण रवानी की पत्नी शांति देवी का इलाज सदर अस्पताल लोहरदगा में चल रहा था जहां डॉक्टर ने तत्काल खून की कमी को देखते हुए खून की व्यवस्था करने को कहा। परिवार के लोग काफी परेशान होकर जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति के पहल पर समिति सदस्य कुंदन कुमार ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा समिति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करती है हमेशा प्रयास रहती है की कोई भी मरिज ना छूटे, आगे भी समिति हमेशा प्रयासरत रहेगी। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो,संजय रवानी आदि लोग मौजूद थे।

## झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित





**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अब चुनावी मोड पर कार्य कर रहे हैं। इसी को लेकर जिले के नगर भवन में जेएमएम ने जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर आने वाले चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की। जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि गुमला से जेएमएम के विधायक भूषण तिर्की शामिल होकर कार्यकर्ताओ से रूबरू हुए। इस सम्मेलन में सैकड़ो की संख्या में जेएमएम के नेता और कार्यकर्ता शामिल होकर इंडी गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने के लिए कार्य करने का भरोसा दिया है। वही कार्यक्रम में शामिल होने आए अतिथियों का स्वागत झारखंडी परंपरा से ढोल नगाड़ा बजाकर किया गया। वही मीडिया से बात करते हुए जेएमएम विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि वलोहरदगा लोकसभा में उम्मीदवार की घोषणा के लिए इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं में बातचीत हो रही है गठबंधन दल के नेता उम्मीदवार की घोषणा करेंगे।

## जिला परिषद में सोलर लाइट लगवाने में धांधली का आरोप, जांच की मांग

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय में लगातार योजनाओ में गड़बड़ी की शिकायत का मामला बढ़ता ही जा रहा है। इस बार किस्को प्रखण्ड में लगाई गई सोलर लाईट में अनियमितता बरतने का आरोप लगाई गई है।

उस संबंध में किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार के द्वारा उपायुक्त एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि मैं अपने किस्को प्रखण्ड में क्षेत्र भ्रमण के समय विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण कर रहा था। उस समय मैंने किस्को प्रखण्ड में सोलर लाईट जो जिला परिषद विभाग के द्वारा लगाई गई है। यह योजना टेंडर के द्वारा है। उस वक्त हमने देखा कि निम्न क्वालिटी की सोलर लाईट लगाई जा रही है। तो मैंने जिला अभियंता से बात कर पूछा कि किस्को प्रखण्ड में निम्न क्वालिटी की सोलर लाईट क्यों लगवाई जा रही है।

साथ ही सरकारी बिजली पोल पर क्यों लग रहे है। इसपर वे बोले की मैं स्टीमीट देखकर बताउगां। इधर जिला परिषद के उपाध्यक्ष विनोद उरांव के द्वारा कार्यपालक अभियंता से पत्राचार के माध्यम से मुल संचिका की मांग की गई, लेकिन अभी तक उन्होंने मुल संचिका नहीं दिया। यह योजना जनकल्याण व विकास हेतु सरकार की ओर से दी जाती है। ऐसा प्रतिक होता है कि राशि को बंटरबांट करके गबन करने का बू-आती है। उन्होंने इसकी जांच की मांग की है।

## कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम व लगन से पार्टी पहुंची है शिखर पर : समीर उरांव

**भाजपा मंडल जारी व चैनपुर का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी चैनपुर सह जारी मंडल का बूथ स्तरीय एक दिवसीय कार्यकता सम्मेलन शनिवार को स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक की अध्यक्षता एवं लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। सम्मेलन में सभी बूथों के अध्यक्ष शक्ति केंद्रों के संयोजक व सह संयोजक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का बागडोर संभाला तब से ही उनकी सोच रही है कि हमारे देश के लोग कैसे आगे बढ़े कैसे उनकी उन्नति हो, प्रगति हो, दुनिया के सामने कैसे सबसे अग्रणी स्थल पर स्थापित हो। इसके लिए भी उन्होंने बहुत सारे कार्य किये। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं का हौसला आफजाई करते हुए कहा कि आप आप सब पार्टी के रीढ़ हैं। आप सबों के कठिन परिश्रम और लगन के बदौलत ही आज पार्टी का स्थान अपने शीर्ष पर है। आप सभी अपने अपने बूथों पर जीत हासिल करें। चुनाव तो हम जीत ही रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन मनोहर बड़ाइक ने और मंच संचालन किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप शाहदेव ने किया। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, जिला महामंत्री मिशीर कुजूर, जगनरायण सिंह, जिप अध्यक्ष किरण बड़ा, महामंत्री सोनामणि उरांव, गायत्री देवी, तेंबू उरांव, जारी मंडल अध्यक्ष कामेश्वर साय, सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, अमित किशोर पाण्डेय, बुधराम नायक, अरविंद मौर्य, अर्चना देवी, दीपक रजक, अशोक सिंह, सतेंद्र सिंह, मनसाय बड़ाइक, रुक्मणि देवी, चंद्र किरण देवी, भारती सिंह, इला देवी, संगीता देवी, चंपा देवी, असरिता देवी, उर्मिला देवी, सहित सैकड़ों भाजपाई मौजूद थे।

## झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 20 परीक्षा केंद्रों में 6168 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** 17 मार्च को आयोजित होनेवाले झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 की आवश्यक तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय स्थित झारनेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रतिनियुक्त कार्यपालक दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी व केंद्राधीक्षकों को परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु विभिन्न निदेश दिये गये। इसमें स्ट्रांग रूम से प्रश्न-पत्र व उत्तर पुस्तिका का ससमय उठाव कराने, ससमय परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने, अभ्यर्थियों को ससमय परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराने समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मार्गदर्शिका का अच्छी तरह अध्ययन करने व इसका अक्षरशः पालन किये जाने का निर्देश दिया गया। दंडाधिकारियों को पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। परीक्षा के आयोजन के लिए लोहरदगा जिला में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगा। पहली पाली सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। दोनों पालियों में अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले प्रवेश करना है। लोहरदगा जिला में कुल 6168 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इधर एसडीओ अमित कुमार ने सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लगाने का आदेश दिया है। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, समेत सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

# क्षेत्र के विकास के लिए अहम कड़ी होती है सड़क: वैद्यनाथ राम

## लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने चंदवा ,बालूमाथ व हेरंहज में करोड़ो की लागत से कई योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम ने शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू होने से पूर्व जिलेवासियों को करोड़ों की राशि से कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सौगात दी हैं। विधायक ने शनिवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत भैसादोन एनएच से धाधु खरठिया तक विशेष पथ मरम्मती, व एन एच 75 मंगलदाहा ब्रिज से भदहीताड़ तुखा तक विशेष पथ मरम्मती, सांसग से चेतर तक विशेष पथ मरम्मती कार्य की आधारशिला विधिवत रूप से रखी। वहीं इसके उपरांत चंदवा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, प्रयवेक्षीय, तृतीय, चतुर्थवर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास के साथ विविध निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखी। वही मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से हेरहंज प्रखंड अंतर्गत हुंजर नदी में पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास भी विधायक ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके का काम किया।



### हेरहंज में विधायक ने करोड़ों की लागत से बनने वाले सड़क और पुल का किया शिलान्यास

लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने शनिवार को हेरहंज बस स्टैंड में हेरहंज से बारियातु एन एच तक सतासी करोड़ की लागत से बनने वाले पथ का पुजारी अखिलेश पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा कर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलापट्ट में सांसद सुनील सिंह का नाम नहीं होने के कारण बस स्टैंड में चर्चा का विषय बन गया। लोगों के मुंह से आवाज आ रही थी कि जिस तरह सांसद सुनील सिंह इस क्षेत्र में नहीं दर्शन दिए उसी तरह इस करोड़ो रुपए की लागत से बन रहे पथ का शिलान्यास पट्ट में नाम नहीं है। करोड़ की लागत से बनाये जाने वाले सड़क का निर्माण पथ निर्माण बिभाग लातेहार द्वारा संवेदक दिनेश चंद्र अग्रवाल द्वारा बनाया जा रहा है। साथ हीं साथ लगभग छह करोड़ की लागत से बनने वाले होंजर नदी में पुल निर्माण का शिलान्यास भी विधायक ने किया। मौके पर- विजय बाखला (एई) जिला परिषद सदस्य चंचला देवी, विधायक प्रतिनिधि चंद्रकांत जायसवाल, बिरेन्द्र दुबे, रामवृक्ष भोक्ता, संजय भोक्ता उर्फ संजू भोक्ता,बालदेव भोक्ता, महेंद्र प्रसाद, मिथलेश गुप्ता, समसुल होदा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक ने 10 करोड़ की लागत से बनने वाले धाधु-मारंगलोइया पथ निर्माण का किया शिलान्यास



**बालूमाथ।** लातेहार विधायक वैजनाथ राम ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड छेत्र के भैसादोन ग्राम में 10 करोड़ की लागत से 12 किलोमीटर तक बनने वाले सड़क निर्माण का शिलान्यास किया। विधायक वैजनाथ राम ने वैदिक मंत्रौचरण के बीच पूजा अर्चना व नारियल फोडकर शिलापट्ट का अनावरण कर किया ।उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने कहा की अच्छी सड़क विकास का पैमाना होता है। उनका प्रयास है उनके विधानसभा छेत्र में हर सड़क अच्छी हो ताकि यहाँ के लोग लाभान्वित हो ।सड़क बन जाने से ग्रामीण छेत्र के लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने में सुविधा होगी। मेरा कोशिश है की जो भी गांव प्रखंड मुख्यालय से कटा हुआ है वैसे गाँव को नया सड़क बनाकर जोड़ा जाएगा। मौजूदा सरकार द्वारा क्षेत्र में चहुमुंखी विकास हो रही है। तथा हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है ।उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। वही विभाग द्वारा बोर्ड में किलोमीटर एवं प्राक्कलन राशि का जिक्र नहीं होने से ग्रामीणो में भ्रम की स्तिथि है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, युवा अध्यक्ष औरंजेब खान, शमशूल खान, लछमन यादव, मों.मिन्तउलालह, शमशुल होदा, रामवृछ उरांव, मो.तनवीर, सुरेश भोक्ता, सुरेश यादव, निखिल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।



### लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने चंदवा में 3 योजनाओं का किया शिलान्यास

**चंदवा।** लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने शनिवार को चंदवा प्रखंड में 3 स्थानों पर विभिन्न योजनाओं को लेकर शिलान्यास व भूमि पूजन किया। सबसे पहले विधायक श्री राम एनएच 75 स्थित मुगलदहा पुल के समीप से भदईटाँड़ होते तुरूवा गांव तक जाने वाली कालीकरण रोड का शिलान्यास किया। इसके अलावे एनएच 75 स्थित सासंग गांव से चेटर गांव तक जाने वाले कालीकरण पथ के विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया। विधायक श्री राम ने कहा कि सड़क विकास का आईना होता है। जिस गांव व पंचायत की सड़क चकाचक होती है वहां विकास खुद ब खुद पहुंच जाता है। उन्होंने संवेदक से विकास कार्य की गुणवत्ता बनाए रख निर्माण कार्य पूर्ण करने की बात कही। बताते चले की उक्त दोनों कार्य मन्तशा कंस्ट्रक्शन को पैकेज में मिला है। इसके अलावे शनिवार की दोपहर स्थानीय प्रखंड कॉलोनी परिसर में बनने वाले बीडीओ सीओ एवं कर्मियों के आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास भी विधायक बैजनाथ राम ने किया। इस निर्माण कार्य के संवेदक आरती कंस्ट्रक्शन पलामू है। यह निर्माण कार्य करीब 5 करोड रुपए की लागत से होना है। मौके पर बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ जयशंकर पाठक के अलावे संवेदक आरती तिवारी, मोहम्मद मिनाजुल, सुरेश उरांव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने चंदवा में विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, ली सुविधाओं की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा शनिवार को प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। चंदवा प्रखंड के बूथ क्रमांक 319, 320 राजकीयकृत मध्य विद्यालय का निरीक्षण कर सभी उचित व्यवस्था के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथों पर (एएमएफ) के तहत मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। केंद्र पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच करते हुए केंद्र परिसर की साफ-सफाई कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिला अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत एवं आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता को लेकर जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्दन प्रसाद, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, पुलिस निरीक्षक रंधीर कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा आज

**चंदवा।** झारखंड लोक सेवा आयोग के द्वारा रविवार को ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए प्रखंड में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, मध्य विद्यालय सासंग, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय सासंग, मध्य विद्यालय चंदवा, ख्रीस्त राजा उच्च विद्यालय चंदवा, ग्रीन फील्ड अकादमी चंदवा, बालिका उच्च विद्यालय चंदवा व प्लस टू हाई स्कूल चंदवा शामिल हैं। इन विद्यालय में कुल 1440 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। रविवार को दोपहर लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह एवं अन्य उच्च अधिकारियों ने इन केंद्रों का जायजा भी लिया है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने बताया कि जेपीएससी परीक्षा के लिए सभी प्रशासनिक तैयारी पूर्ण कर ली गई है। शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। परीक्षा केंद्रों में कदाचार करते पकड़े जाने पर प्रशासन नियम संगत कार्रवाई के लिए बाध्य होगी।

## लातेहार डीसी एसपी पहुंचे बालूमाथ व बरियातू के मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ/बरियातू।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनि अंजन समेत कई पदाधिकारी ने शनिवार को बालूमाथ के बुनियादी विद्यालय मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संकुल साधन सेवी जीवन कुमार अनुपम से बिजली, पानी, शौचालय समेत अन्य सुविधा की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि शौचालय की सुविधा है बिजली एवं पानी की भी व्यवस्था है। उन्होंने उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव को निर्देश देते हुए कहा के जिस विद्यालय या सरकारी भवनों में मतदान केंद्र बनाया गया है उस मतदान केंद्र में बिजली पानी शौचालय समेत सभी तरह की सुविधा मुहैया कराया जाए। ताकि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का परेशानी ना हो। उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्र में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जाए ।वही पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय को सुरक्षा के हाल पहलू पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता बालूमाथ बीआरसी में अनुपस्थित रहने के कारण उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सो कोज करने का निर्देश दिया। बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने बताया कि उपायुक्त के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बालूमाथ के सभी मतदान केंद्र में आवागमन की सुविधा, सुलभ शौचालय, बिजली पानी की सुविधा समेत सारी सुबिधा बनाए रखने का निर्देश प्राप्त है जिस पर कार्य किया जा रहा है। प्रखंड के कर्मियों को भी मेरे द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र की वस्तु स्थिति की जानकारी अभिलंब सूचना उपलब्ध करावे एवं जो आवश्यकता है उस सुविधा को तुरंत दुरुस्त की जाए। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजित कुमार सिंह, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## पंचायत सहायकों ने प्रखंड कार्यालय में दिया योगदान, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते पंचायत सहायक।

खबर मन्त्र संवादाता

**➲ विकास योजनाओं में अपना योगदान करेंगे सुनिश्चित : आनंद गुप्ता**

**बरवाडीह।** पिछले 253 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे राज्य के सभी पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ मांगे पूरी होने पर अपने काम पर लौट गए है। इधर बरवाडीह में शनिवार को प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष आनंद गुप्ता और जिला अध्यक्ष मंटू कुमार के नेतृत्व में पंचायत सहायको ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को ज्ञापन सौंपकर प्रखण्ड कार्यालय में अपना योगदान दे दिया है। इस अवसर पर आनंद गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संघ की कुछ महत्वपूर्ण मांगों को पूरा किया गया है। जिसमें हमारी मांग को पूरा करते हुए हमें पंचायत सहायक का नाम दिया गया है। इसलिए हम सबों ने निर्णय लिया है कि अपने काम पर लौटकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं में अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान विवेक सिंह, नरेश सिंह, मंजू कुमारी, कृष्टिना कुमारी, अलाउद्दीन अंसारी, राजेश प्रसाद, सुनील कुमार, अनिल टोपनो, मनोहर सिंह, सुदेश्वर सिंह, संजय कुमार, जितेंद्र सिंह, रवि कुमार, बाबूलाल सिंह, अनिता कुमारी, रीना कुमारी, सतीश कुमार, चिंतामणि कुमारी, मो.जावेद, मालती देवी, बिरेंद्र सिंह, कैलाश राम, विकेश कुमार सिंह, शिव प्रसाद, मिथिलेश सिंह, सिंकू कुमार, जयमती खेस, सिकंदर सिंह, अजय सिंह, अक्षय कुमार, सुनील भुइयां और खुशबून बीबी समेत कई पंचायत सहायक मौजूद थे।

## रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित हुए कन्हैया अग्रवाल

### राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री ने दीक्षांत समारोह में किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में चंदवा के सरोज नगर निवासी स्व. विश्वनाथ अग्रवाल के पुत्र कन्हैया अग्रवाल को मास्टर ऑफ कॉमर्स में अव्वल स्थान लाने के लिए गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। रांची विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया था। यह सम्मान उन्हें राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रदान किया। गौरतलब हो कि कन्हैया अग्रवाल डोरंडा कॉलेज रांची के छात्र हैं। बता दें कि कन्हैया अग्रवाल 12 वीं में भी विद्यालय टॉपर रह चुके हैं। कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि आगे चलकर वे चार्टर्ड अकाउंटेंट बनकर अपने पिता के सपने को पूरा करने का प्रयास करूंगा। इधर कन्हैया अग्रवाल की सफलता से पूरे प्रखंड में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। उनकी इस सफलता पर मोहनलाल वरु, विजय दत्ता, अजय वैद्य, महेंद्र अग्रवाल, सुभाष दुबे, मनोज दुबे, मोहम्मद नौशाद सुमित कुमार, मारवाड़ी युवा मच व मारवाड़ी महिला मंच के लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## बीडीओ ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

### आदर्श आचार संहिता का पालन न करने पर होगी कारवाई : रेशमा रेखा



राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के पालन के संबंध में शनिवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज और अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला ने बरवाडीह के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की। अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन के लिए निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के आदेश का पालन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। बीडीओ न सार्वजनिक भवन, बिजली पोल, सड़क के चौराहे, सार्वजनिक संपत्ति आदि जगहों से 24 घंटे के अंदर अपनी पार्टी का बैनर पोस्टर हटा लेने की बात कही। कहा कि आचार संहिता का पालन न करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बिना अनुमति के बैठक, जुलूस तथा प्रचार वाहन आदि का उपयोग नहीं करने के निर्देश भी दिए। कहा कि चुनाव के दौरान यदि कोई समस्या हो तो इसकी जानकारी पदाधिकारियों को दी जाए। बैठक में अंचल निरीक्षक सुरेश राम, बीस सूत्री अध्यक्ष अंसारी अंसारी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, जेएमएम नेत्री आरती देवी दास, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्व यादव, वरिष्ट नेता नजाम अंसारी समेत कई राजनीतिक दलों के लोग मौजूद थे।

## अचार सहिंता लगते ही हटाया गया बैनर पोस्टर



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार मे अचार संहिता लगते ही बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने प्रखंड कर्मियों के साथ किया बैठक दिए कई दिशा निर्देश। बैठक मे मुख्य रूप चुनाव से सम्बंधित कोषांग का गठन किया गया वहीं सरकारी भवन, सरकारी भवन, विजली पोल, सार्वजनिक स्थल मे राजनीतीक पार्टी का झंडा, बैनर, पोस्टर हटवाने का दिशा निर्देश दिया। दिशा निर्देश मिलते ही सीआई अनिल होरो,प्रधान सहायक कपिलदेव सिंह, राजस्व उप निरीक्षक नंदेव राम, राजू राम, लिपिक अब्दुल बांकी ने बारियातू के कई चौक चौराहा व सरकारी स्थल से पोस्टर बैनर झंडा को हटाया गया।

## राष्ट्रीय नाई महासभा की बैठक सह होली मिलन समारोह संपन्न

**चंदवा।** प्रखंड के निंद्रा ग्राम में शनिवार को राष्ट्रीय नाई महा सभा की बैठक सह होली मिलन समारोह सम्पन्न हुई। सभा की अध्यक्षता प्रभु ठाकुर ने की। बैठक में पंचायत स्तरीय कमेटी का गठन भी किया गया। सभा में निर्णय लिया गया कि हर पंचायत में कमेटी का गठन होगा और सैलून संघ का भी गठन होगा, इस सभा में उपस्थित जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष अरुण ठाकुर, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दुर्गा ठाकुर, उपाध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर, प्रभु ठाकुर, निरंजन ठाकुर, राजू ठाकुर, दिनेश ठाकुर, मुन्ना रंगीला ठाकुर, रविकांत ठाकुर, रवि ठाकुर, रानू ठाकुर, अजय ठाकुर, केदार ठाकुर, दिलीप ठाकुर, गोविंद ठाकुर, पूना ठाकुर, मंकू ठाकुर, प्रभु ठाकुर, अनूप ठाकुर समेत समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर पहुंचे विधायक रामचंद्र सिंह ने हिन्दू महासभा समिति को किया सम्मानित



**महुआडांड।** महुआडांड दुर्गा बाड़ी परिसर स्थित मां दुर्गे की प्रतिमा की 15वां स्थापना वर्षगांठ को लेकर मुख्य अतिथी के रूप में शामिल होने महुआडांड पहुंचे लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने महुआडांड हिन्दू महासभा समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को गिफ्ट देकर सम्मानित किये। इसे लेकर महुआडांड हिन्दू महासभा ने लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से महुआडांड हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभु प्रसाद, महामंत्री भानु प्रसाद, बृजमोहन जायसवाल, बजरंग दल के विभाग सह संयोजक सुरज साहू, बिजय जायसवाल, अजय प्रसाद, आनंद नाथ शाह, दिलीप प्रसाद, रमेश जायसवाल, मनोज गुप्ता, प्रशांत सिंह, संदीप कुमार आदि समेत सभी हिन्दू महासभा समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हैं।

## अरशदुल कादरी को बनाया गया चतरा लोकसभा प्रभारी

### मिली जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे : अरशदुल कादरी



अरशदुल कादरी, लोकसभा प्रभारी, चतरा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने तत्काल प्रभाव से राज्य के सभी लोकसभा क्षेत्रों के लिए शनिवार को लोकसभा प्रभारी और जिला प्रभारी की नियुक्ति कर दी है। जिसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह बरवाडीह के पोखरी कला निवासी अरशदुल कादरी को चतरा लोकसभा प्रभारी बनाया गया है। बता दें कि श्री कादरी कांग्रेस पार्टी के काफी पुराने और नामचीन नेताओं में शुमार है। इधर अरशदुल कादरी को चतरा लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर अल्पंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी समेत कई दिग्गज नेताओं ने उन्हें बधाई दी हैं। वहीं लोकसभा प्रभारी बनाए जाने पर अरशदुल कादरी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पार्टी संगठन द्वारा मिली जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी आलाकमान के निदेर्शों का पालन करते हुए लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार से लेकर मिले सभी चुनावी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का काम करूंगा।

## नरेश सिंह को युथ कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

# कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदानकरेंगे नरेश सिंह : नसीम अंसारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित बरुआ के द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर बरवाडीह के कुचिला पंचायत निवासी नरेश सिंह खरवार को युथ कांग्रेस का प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के उपरांत शनिवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, युथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू समेत अन्य नेताओं व कार्यकताओं ने नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष का स्वागत फूलमाला पहनाकर किया और बधाई दी। जहां नसीम अंसारी ने कहा कि पार्टी ने नरेश सिंह को बड़ी जिम्मेवारी से नवाजा है, और हम सबको पूरा विश्वास है कि वह अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी



नरेश सिंह का स्वागत करते कांग्रेस नेतागण।

ईमानदारी से करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। नवनियुक्त युथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष नरेश सिंह ने बरवाडीह कमेटी का विस्तार करते हुए मौके पर मौजूद सिराज अंसारी को बरवाडीह पंचायत अध्यक्ष मनोनित किया। उन्होंने कहा कि वह आज से ही बूथ कमेटी और पंचायत कमेटी का विस्तार करने में जुट जाएंगे। नरेश सिंह ने विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की खूब सराहना की। कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जिस तेज गति से पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य कराए जा रहें है। इसकी जितनी सराहना की जाए कम हैं। मौके पर वरिष्ट नेता अनिल सिंह, नजाम अंसारी, सुरेश मिश्रा, पंकज गुप्ता, मुकु अग्रवाल, कृष्णा गुप्ता, कैलाश प्रसाद, दुखन सिंह और विकेश कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

